प्रादेशिक समाचार
दिनांक–01.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल एक दिवसीय दौरे पर हजारीबाग आएंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर रांची एयरपोर्ट से लेकर हजारीबाग तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, हजारीबाग में तीन हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा भारतीय पुलिस सेवा के सात अधिकारियों समेत 45 पुलिस उपाधीक्षक सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। प्रधानमंत्री हजारीबाग में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी पीएम–जनमन के तहत 1360 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे।

****

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज किसानों की समस्याओं का समाधान करने की सरकार की वचनबद्धता दोहराई। नई दिल्ली में किसान संगठनों और किसानों के साथ हुई दूसरी बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने आश्वस्त किया कि किसानों की सभी समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

****

प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को अंतिम रुप दे दिया है। श्री सरमा ने रांची में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हजारीबाग दौरा समाप्त होने के दूसरे दिन यानी तीन अक्तूबर को भाजपा का संक्षिप्त घोषणा पत्र जारी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संपूर्ण घोषणा पत्र भी इसी महीने जारी किया जायेगा।

****

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि पार्टी गठबंधन में रहकर राज्य की 35 से 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रांची में चुनाव संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे पूरी मेहनत के साथ चुनाव अभियान में जुट जायें।

****

हजारीबाग जिले के केरेडारी में कल देर रात अज्ञात अपराधियों ने कोयला खनन परियोजना में लगे पांच हाइवा वाहन में आग लगा दी। इससे पहले वाहन चालकों के साथ मारपीट भी की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि आगजनी की घटना में सभी पांच वाहनों के केबिन और इंजन जल कर राख हो गये। अपराधियों ने यहां हवाई फायरिंग भी की। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस अपराधियों की तलाश में अभियान चला रही है।

****

गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने कार्य में लापरवाही बरतने और भ्रष्टाचार के आरोप में पीरटांड़ के थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपों की प्रारंभिक जांच पुलिस उपाधीक्षक से कराई गई, जिसके बाद आरोप सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

****

स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर हजारीबाग जिले के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

भारत ने कानपुर टेस्ट में बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया है। बारिश से प्रभावित मुकाबले के आखिरी दिन आज भारत को 95 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे भारतीय बल्लेबाजों ने सत्रह दशमलव दो ओवर में हासिल कर लिया।

*******समाप्त********